भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2776

10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: पीएम-किसान योजना

2776. श्री उज्ज्वल रमण सिंहः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत अब तक संवितरित की गई निधियों की कुल राशि कितनी है;

(ग) लाभार्थियों का 100 प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) उत्तर प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों की कुल संख्या कितनी है और अब तक वितरित की गई कुल राशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) और (ख): पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका शुभारंभ फरवरी 2019 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कृषि योग्य भूमि वाले किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं पूरा करने के लिए किया गया था। इस योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में 6,000/- रुपए प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ अंतरित किया जाता है। पीएम-किसान योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि योग्य भूमि का होना प्राथमिक पात्रता मानदंड है, जो उच्च आर्थिक स्थिति से संबंधित कुछ अपवर्जनों के अधीन हैं।

किसान-केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने यह सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ देश भर के सभी किसानों को बिना किसी बिचौलिए के हस्तक्षेप के प्राप्त हो। लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, भारत सरकार ने योजना के आरंभ से अब तक 21 किस्तों में ₹4.09 लाख करोड़ से अधिक का वितरण किया है। योजना के अंतर्गत, देश भर में 21वीं किस्त (अगस्त 2025 - नवम्बर 2025) का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या 9,35,55,232 है ।

(ग): पीएम-किसान के सभी लाभार्थी आधार सत्यापित होते हैं। इसके अलावा, सभी भुगतान आधार संबद्ध भुगतान प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खाते में किए जाते हैं। इस भुगतान प्रक्रिया में बैंक खाता संख्या का उपयोग नहीं किया जाता है। विभाग राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के समन्वय से नियमित रूप से लक्षित सघन अभियान चलाता है ताकि बैंक खातों को आधार से जोड़ा जा सके। साथ ही, पीएम-किसान स्कीम के तहत लाभ का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने के लिए किसानों को एसएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ने की सूचना दी जाती है।

(घ): उत्तर प्रदेश में, 21वीं किस्त अवधि (अगस्त 2025-नवंबर 2025) का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या 2,15,54,124 है। इसके अलावा, योजना की शुरुआत से अब तक उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों को ₹94,673 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। 05/03/2026 तक, जिलेवार वितरित कुल राशि अनुलग्नक - I में दी गई है।

अनुबंध I

पीएम-किसान योजना के तहत उत्तर प्रदेश में जिलेवार वितरित की गई कुल राशि

	जिला	कुल वितरित राशि (करोड़ रुपये में) 05/03/2026 तक
1	आगरा	1,244.22
2	अलीगढ़	1,321.32
3	अम्बेडकर नगर	1,451.84
4	अमेठी	1,030.61
5	अमरोहा	811.53
6	औरैया	842.11
7	अयोध्या	1,362.99
8	आजमगढ़	2,711.03
9	बागपत	413.16
10	बहराइच	1,984.15
11	बलिया	1,568.72
12	बलरामपुर	1,054.64
13	बांदा	939.76
14	बाराबंकी	1,848.64
15	बरेली	1,871.98
16	बस्ती	1,646.06
17	भदोही	771.99
18	बिजनौर	1,364.68
19	बदायूं	1,767.07
20	बुलंदशहर	1,413.23
21	चंदौली	851.04
22	चित्रकूट	543.35
23	देवरिया	1,805.84
24	एटा	1,009.93
25	इटावा	891.96
26	फर्रुखाबाद	824.58
27	फतेहपुर	1,292.27
28	फिरोजाबाद	958.23
29	गौतम बुद्ध नगर	205.95
30	गाजियाबाद	211.05
31	गाजीपुर	1,802.05
32	गोंडा	1,892.60
33	गोरखपुर	1,909.97
34	हमीरपुर	680.56
35	हापुड़	439.96
36	हरदोई	2,724.97
37	हाथरस	712.41

38	जालौन	795.50
39	जौनपुर	2,745.77
40	झांसी	889.20
41	कन्नौज	975.13
42	कानपुर देहात	1,148.15
43	कानपुर नगर	971.96
44	कासगंज	786.52
45	कौशाम्बी	792.41
46	खीरी	2,401.08
47	कुशीनगर	2,141.03
48	ललितपुर	829.72
49	लखनऊ	812.50
50	महोबा	505.08
51	महाराजगंज	1,717.07
52	मैनपुरी	1,256.28
53	मथुरा	1,003.69
54	मऊ	1,016.22
55	मेरठ	760.68
56	मिर्जापुर	1,277.91
57	मुरादाबाद	1,058.67
58	मुजफ्फरनगर	851.76
59	पीलीभीत	1,173.79
60	प्रतापगढ़	2,244.31
61	प्रयागराज	2,410.06
62	रायबरेली	1,725.43
63	रामपुर	999.02
64	सहारनपुर	1,154.77
65	संभल	1,151.56
66	संत कबीर नगर	950.65
67	शाहजहांपुर	1,717.94
68	शामली	481.42
69	श्रावस्ती	667.46
70	सिद्धार्थनगर	1,336.40
71	सीतापुर	2,568.52
72	सोनभद्र	746.69
73	सुल्तानपुर	1,636.60
74	उन्नाव	1,856.05
75	वाराणसी	939.54
	कुल	**94,673.00**

******